**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**
***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

# डायस्पोरा अध्ययन विभाग के छात्रों ने प्रवासी दिवस सम्मेलन में की शिरकत

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के डायस्पोरा अध्ययन विभाग के अध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित प्रवासी दिवस सम्मेलन के तीन दिवसीय कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न देशों से आए प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, विदेश मंत्रालय और प्रवासी भारतीय मंत्रालय के राज्य मंत्री वी. के. सिंह ने विश्वविद्यालय की ओर से सम्मेलन स्थल पर लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी को भेंट दी।

महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रिका सत्याग्रह की सफलता के बाद भारत लौटे थे। इस उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 13 वें प्रवासी दिवस सम्मेलन के में विश्वविद्यालय के डायस्पोरा अध्ययन विभाग के छात्रों ने भाग लिया।




कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र पर आयोजित गोष्ठी में एम. फिल. की छात्रा सविता कोल्हे और पी. एचडी. की छात्रा प्रज्ञा राऊल ने हिस्सा लिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'मेक इन महाराष्ट्र' की बात कहकर इसके विकास के लिए एनआरआई से महाराष्ट्र में निवेश करने की अपील की। छात्राओं ने इस दौरान मराठी, पंजाबी, गुजराती, एवं अन्य प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। सम्मेलन के अंतीम दिन गोपियो (ग्लोबल आर्गनाइजेशन पीपूल ऑफ इंडियन ओवरसीज) के कार्यक्रम में भी छात्र शामिल हुए तथा हिंदी भाषा के महत्व को लेकर विदेश में हिंदी पढा रहे अध्यापकों से भी बातचीत की। इस अवसर पर गोपियो के अध्यक्ष इंदर सिंह, गुजरात विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. एम.एन.पटेल, डॉ. नीरजा अरुण गुप्ता के द्वारा डायस्पोरा पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण किया।

सम्मेलन में डायस्पोरा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन राय, सहायक प्रोफेसर डॉ. मुन्नालाल गुप्ता, सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह और परीक्षा प्रभारी कौशल किशोर त्रिपाठी, डायस्पोरा तथा संचार एवं मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र शामिल हुए।